य एषु सुप्तेषु जागर्ति | पृष्ठ: 16 | मूल्य: 5.00 | **झुंझुनूं, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024** | आश्विन कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

Click and view article

राजस्थान पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

पढ़ें @ पेज 16

झुंझुनूं पत्रिका

नवलगढ़ . चिड़ावा . खेतड़ी . उदयपुरवाटी . बुहाना . बिसाऊ . बगड़ . सूरजगढ़ . मलसीसर . पिलानी

प्राइम

पटवारियों ने की अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल शुरू, दिया ज्ञापन

पढ़ें @ पेज 16

patrika.com राजस्थान पत्रिका. झुंझुनूं, शुक्रवार, 20 सितम्बर 2024

SOCIETY सोसायटी 15 राजस्थान पत्रिका

झुंझुनूं, शुक्रवार , 20 सितम्बर 2024

वैज्ञानिकों द्वारा विकसित 100 तकनीकों के हस्तांतरण को लेकर हुआ मंथन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पिलानी. केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिकी अभियांत्रीकी अनुसंधान संस्थान सीरी में लघु उद्योग भारती के साथ औद्योगिक गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस मौके संस्थान द्वारा विकसित नवीनतम तकनीकों और वर्तमान में चल रही प्रमुख परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी रमेश बोरा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित 100 तकनीकों, ज्ञान और उत्पादों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को 100 दिनों के भीतर हस्तांतरित करना है। उन्होंने बताया कि सीएसआईआर और लघु उद्योग भारती के बीच महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। गोष्ठी में लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अखिल भारतीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा और महासचिव ओम प्रकाश गुप्ता ने किया। सीएसआईआर की ओर से डॉ. महेश कुमार और दीप्ति गोष्ठी में उपस्थित हुए। संगोष्ठी में संस्थान द्वारा विकसित चेहरा आधारित उपस्थिति प्रणाली एफआरएएस को सराहा गया। इस मौके सीरी संस्थान निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने संस्थान के शोध क्षेत्रों एवं वर्तमान में चल रही विभिन्न अनुसंधान और विकास गतिविधियों की जानकारी दी। सीरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनीष मैथ्यू ने संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया।

पिलानी. अनुबंध पर हस्ताक्षर करते अधिकारीगण ।